नव भारत
छिंदवाड़ा | शुक्रवार | 04 अक्टूबर 2024 | वर्ष 24 | अंक 193 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com | twitter.com/Nava_Bharat | fb.me/NavaBharat.Social

### आज होगी मां ब्रह्मचारिणी की पूजा



मां ब्रह्मचारिणी दाएं हाथ में माला और बाएं हाथ में कमण्डल लिए हुई हैं.

**मंत्र** : या देवी सर्वभूतेषु मां ब्रह्मचारिणी रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥

**भोग** : दूसरे दिन मां के दूसरे रूप ब्रह्मचारिणी की पूजा होती है. उनका प्रिय भोग शक्कर और पंचामृत माना जाता है. नवरात्रि के दूसरे दिन इसका भोग मां को अर्पित कर उपवास के दौरान आप ग्रहण कर सकते हैं.

## एक नजर में

### जम्मू में सुरक्षा बलों और आतंकियों में गोलीबारी

**जम्मू.** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के एक समूह के बीच गोलीबारी हुई. दूरदराज के जंगलों में सशस्त्र आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशिष्ट इनपुट पर किश्तवाड़ के चटरू इलाके में जारी तलाशी अभियान के दौरान छिपे हुए आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच थोड़ी देर गोलीबारी हुई. उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने घेराबंदी की है.

### लिपिक के लॉकर से 45 लाख का निकला सोना

**भोपाल.** पिछले माह 40 हजार रुपयों की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किए गए भोपाल विकास प्राधिकरण (बीडीए) के लिपिक तारकचंद दास के बैंक लॉकर से आज 44 लाख 80 हजार रुपयों के स्वर्ण आभूषण मिले। लोकायुक्त पुलिस सूत्रों के अनुसार लिपिक तारकचंद दास के निवास पर छापे के दौरान बैंक ऑफ बड़ोदा की स्थानीय मालवीय नगर शाखा में संचालित लॉकर की चाबी भी मिली थी.

### भारतीय शेयर बाजार में मचा कोहराम

**नई दिल्ली.** घरेलू शेयर बाजार में गुरुवार को तेज बिकवाली दिखी. इस दौरान सेंसेक्स और निफ्टी लगभग दो फीसदी से ज्यादा टूट गए. बाजार में यह गिरावट पश्चिम एशिया में तनाव के बाद निवेशकों की ओर से सर्तकता बरतने के कारण आया. घरेलू शेयर बाजार को गुरुवार का दिन रास नहीं आया. वायदा कारोबार की एक्सपायरी के दिन सेंसेक्स और निफ्टी दो-दो फीसदी तक फिसल गए.

(विस्तृत खबर पेज 7 पर देखें)

## गुस्ताखी माफ





# एमपी विकास एजेंडा

## अनुराग जैन ने मुख्य सचिव का पदभार संभाला

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 3 अक्टूबर. प्रदेश के 35वें मुख्य सचिव अनुराग जैन ने गुरुवार को सबेरे शुभ मुहूर्त में नवरात्रि पर्व के पहले दिन पदभार ग्रहण कर लिया. पदभार संभालने के बाद उन्होंने आला अफसरों के साथ बैठक की और औपचारिक परिचय के साथ ही अपना विजन भी साझा किया.**

दिनभर लगातार बैठकों में व्यस्त रहने के बाद शाम को नवभारत से संक्षिप्त चर्चा में मुख्य सचिव जैन ने कहा कि विकसित भारत और विकसित मध्यप्रदेश के विजन के लिए काम करेंगे. मुख्य सचिव ने चर्चा में कहा कि भारत सरकार ने विकसित भारत बनाने का लक्ष्य रखा है, हम सभी उस लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रयासरत हैं. देश और प्रदेश का समग्र विकास करना प्राथमिकता में होगा, सभी सेक्टरों में फोकस करना होगा.



अफसरों और कर्मचारियों को मोटीवेट करना होगा, जिससे कि वे अपने लक्ष्यों को हासिल करें. एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि वे पहले सभी चीजों को ठीक से समझेंगे, इसमें एक-दो माह का समय लगेगा, उसके बाद उन्हें गति देने का प्रयास करेंगे.

मुख्य सचिव ने आला अफसरों से औपचारिक परिचय के साथ ही उनके विभागों के कामकाज के बारे में संक्षिप्त में जानकारी ली और विजन के बारे में पूछा. इस दौरान अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन विभाग संजय दुबे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे. अनुराग जैन 1989 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं. उनका जन्म 11 अगस्त 1965 को मध्यप्रदेश के ग्वालियर में हुआ. इस तरह मध्यप्रदेश को लंबे समय बाद एक बार फिर होम स्टेट का अधिकारी मुख्य सचिव के रूप में मिला.

### भोपाल सहित तीन जिलों के कलेक्टर रहे

मुख्य सचिव जैन मंडला, मंदसौर, भोपाल जिलों में कलेक्टर के पद पर पदस्थ रहें. जैन ने मप्र शासन में सचिव, प्रमुख सचिव, और अपर मुख्य सचिव के रूप में विभिन्न विभागों के दायित्वों का निर्वहन किया. मुख्य सचिव जैन भारत सरकार में भी प्रतिनियुक्ति पर प्रमुख पदों पर पदस्थ रहे. मुख्य सचिव बनने से पहले जैन केंद्र में सड़क एवं राजमार्ग मंत्रालय में सचिव के पद पर पदस्थ थे.

# तीसरी बार फिर फेल होंगे राहुल : डॉ. मोहन यादव

- हरियाणा में 90 सीटों पर चुनाव प्रचार का थमा शोर
- अंतिम दिन कई दिग्गजों ने रैली में झोंकी ताकत

**भोपाल, 3 अक्टूबर. हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार शाम 6 बजे प्रदेश के सभी 90 सीटों पर प्रचार का शोर समाप्त हो गया है. सभी पार्टियों के तमाम नेताओं ने अपने-अपने पक्ष के प्रत्याशी को जिताने के लिए आखिरी कोशिश की. अब 5 अक्टूबर को मतदान होगा और 8 अक्टूबर को मतों की गणना होगी. इसी दिन फैसला हो जाएगा कि अगले 5 साल हरियाणा का मुख्यमंत्री किस पार्टी से होगा.**

वहीं प्रचार के अंतिम दिन एमपी के सीएम डॉ. मोहन यादव ने जिला झज्जर के मातनहेल और भिवानी जिले के तोशाम विधानसभा के तोशाम में रोड शो किया. इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे दो बार फेल हो चुके है. अब तीसरी बार भी फेल होंगे. हरियाणा में भाजपा की तीसरी बार प्रचंड बहुमत की सरकार बनेगी.



**हरियाणा की जनता समझदार, भाजपा को चुनेगी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हरियाणा की जनता बहुत समझदार है. यहां की जनता अपने प्रदेश और देश के विकास के लिए भाजपा को ही अपना आशीर्वाद दे रही है. झज्जर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी कप्तान बिरधाना और तोशाम विधानसभा से पार्टी प्रत्याशी व पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय बंसीलाल की पोती श्रुति चौधरी क्षेत्र के विकास के प्रति प्रतिबद्ध हैं. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा में अभी डबल इंजन की सरकार कार्य कर रही है. विपक्षी दलों के पास विकास का कोई विजन नहीं है. हरियाणा के विकास के लिए भाजपा यहां तीसरी बार ऐतिहासिक बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है.

### 20,632 मतदान केंद्रों पर रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

मतदान को लेकर पोलिंग पार्टियां शुक्रवार को मतदान केंद्रों पर रवाना होंगी. राज्य में कुल 20,632 मतदान केंद्र बनाए गए हैं. सबसे ज्यादा केंद्र फरीदाबाद सीट पर 1650 केंद्र है, जबकि सबसे कम डबवाली विधानसभा क्षेत्र में 400 केंद्र है. इसके बाद पंचकूला में 455 मतदान केंद्र है. चुनाव के लिए रिजर्व इवीएम सहित कुल 27,866 ईवीएम (बैलेट यूनिट) का उपयोग होगा. इसके साथ 26,774 वीवीपैट मशीनों का उपयोग किया जाएगा. 24,719 कंट्रोल यूनिट भी बनाए गए हैं.

# कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन आज

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सम्मेलन में विचारों को करेंगे साझा

**नयी दिल्ली, 03 अक्टूबर (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को नयी दिल्ली में कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन में भाग लेंगे और हरित परिवर्तन, भारतीय अर्थव्यवस्था तथा वैश्विक दक्षिण की अर्थव्यवस्थाओं के वित्तपोषण जैसे मुद्दों पर अपने विचारों को साझा करेंगे.**

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) द्वारा जारी एक बयान में गुरुवार को कहा गया कि कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन का तीसरा संस्करण 04 से 06 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा. इस वर्ष का सम्मेलन भू-आर्थिक विखंडन एवं विकास के लिए निहितार्थ और लचीलेपन को बनाए रखने के लिए नीतिगत कार्रवाई के सिद्धांतों जैसे विषयों पर केंद्रित होगा. इसमें भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय विद्वान एवं नीति निर्माता भारतीय अर्थव्यवस्था और वैश्विक दक्षिण की अर्थव्यवस्थाओं के सामने आने वाले मुद्दों पर चर्चा करेंगे.



# किसानों को दिया बड़ा तोहफा

## पीएम राष्ट्रीय कृषि विकास और कृषि उन्नति योजना को मंजूरी

**नई दिल्ली, 3 अक्टूबर. केंद्र सरकार ने किसानों और इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास से जुड़ी कई परियोजनाओं के लिए हजारों करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में इन योजनाओं को मंजूरी दी गई।**

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने बताया कि सरकार ने पीएम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और कृषि उन्नति योजना को मंजूरी दी है। इन योजनाओं के लिए 1 लाख 1321 करोड़ का प्रावधान किया जाएगा। इसके अलावा 63 हजार करोड़ से अधिक की चेन्नई मेट्रो फेज-2 परियोजना को भी मंजूरी दी गई है। सभी घटकों को कैबिनेट ने अलग-अलग योजनाओं के रूप में मंजूरी दी है। बकौल अश्विनी वैष्णव, अगर कोई राज्य किसी एक योजना से जुड़ी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) लेकर आता है, तो उसे इस योजना के तहत मंजूरी दी जाएगी।



# फिर कांग्रेसी हुए अशोक तंवर

## राहुल गांधी की मौजूदगी में हुड्डा ने पहनाया पार्टी का पटका

**महेंद्रगढ़, 03 अक्टूबर हरियाणा में चुनाव प्रचार के आखिरी दिन राहुल गांधी हरियाणा पहुंचे. यहां उन्होंने महेंद्रगढ़ में जनसभा को संबोधित किया. साथ ही यहां भाजपा की टिकट पर सिरसा से लोकसभा चुनाव लड़ चुके अशोक तंवर कांग्रेस में शामिल हो गए.**

तंवर को राहुल गांधी की मौजूदगी में भूपेंद्र हुड्डा ने पार्टी का पटका पहना कर स्वागत किया. बता दें कि एक तरह से अशोक तंवर की घर वापसी हुई है. कुछ साल पहले अंदरूनी कलह के चलते कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था. वहीं अब एक बार विधानसभा चुनाव की वोटिंग से तंवर कांग्रेस ज्वाइन करके सभी को चौका दिया है. जहां तंवर के कांग्रेस ज्वाइन करने से चुनाव मजबूती मिलेगी. वहीं भाजपा के लिए तंवर का जाना बहुत बड़ा सियासी झटका है. अशोक तंवर का सिरसा क्षेत्र पर मजबूत होल्ड माना जाता है.



# एयर मार्शल धारकर ने वायुसेना उप प्रमुख का कार्यभार संभाला

**नयी दिल्ली, 03 अक्टूबर (वार्ता)** एयर मार्शल एस पी धारकर ने गुरुवार को यहां वायुसेना मुख्यालय में वायुसेना उप प्रमुख का कार्यभार संभाला. वायु सेना के अनुसार एयर मार्शल धारकर ने वर्ष 1985 में वायु सेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन प्राप्त किया था. वह राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज और यू एस एयर वॉर कॉलेज के पूर्व छात्र हैं. वह अग्रिम मोर्चे की लड़ाकू इकाई की कमान संभाल चुके हैं.उन्होंने रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी के पहले महानिदेशक के रूप में कार्य किया है.

# बिहार के पूर्व विधायक समेत दो को उम्र कैद

- पूर्व मंत्री बृज बिहारी प्रसाद हत्याकांड में आया फैसला
- उच्चतम न्यायालय ने 26 साल बाद किया दोषी करार

**नई दिल्ली, 03 अक्टूबर (वार्ता)** उच्चतम न्यायालय करीब 26 साल पहले बिहार के पूर्व मंत्री बृज बिहारी प्रसाद की हत्या के मामले पटना उच्च न्यायालय के फैसले को आंशिक तौर पर पलटते हुए पूर्व विधायक मुन्ना शुक्ला समेत दो को गुरुवार को दोषी करार दिया और उन्हें इसके लिए आजीवन कारावास की सजा सुनाते 15 दिनों के अंदर आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया.

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने मृतक प्रसाद की विधवा पूर्व सांसद रमा देवी के अलावा इस मामले की जांच कर रही केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की याचिका पर यह फैसला सुनाया. पीठ ने 1998 के इस चर्चित हत्याकांड मामले में पूर्व सांसद सूरज भान सिंह और एक अन्य आरोपी मंटू तिवारी समेत छह को संदेह का लाभ दिया और उन्हें बरी करने के उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखा.पटना उच्च न्यायालय 2014 में निचली अदालत के फैसले को पलटते हुए सभी आठ आरोपियों को बरी कर दिया था. बिहार के मंत्री बृज बिहारी प्रसाद हत्या मामले में निचली अदालत ने 2009 में 8 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी.

# हरियाणा कब्जे के लिए दलों ने झोंकी ताकत

## पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी, पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने की रैली

**नई दिल्ली, 03 अक्टूबर, नससे. हरियाणा विधानसभा की सभी 90 सीटों पर पांच अक्टूबर को मतदान होगा. इसलिए प्रचार के आखिरी दिन सभी पार्टियों ने अपने स्टार प्रचारकों के सहारे मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए ताकत झोंकी.**

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी अपने उम्मीदवारों के लिए जमकर प्रचार किया. उन्होंने मतदाताओं के सामने विकल्प पेश करने का प्रयास किया. राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी लड़ाई के बीच आम आदमी पार्टी की मौजूदगी से लड़ाई का रूख त्रिकोणीय होता दिख रहा है. हरियाणा में पिछले दो विधानसभा चुनाव जीतकर 10 साल से सरकार चला रही भाजपा लगातार तीसरी बार भी सत्ता में वापसी की कोशिश कर रही है जबकि कांग्रेस सत्ता विरोधी लहर के सहारे सत्ता पर काबिज होने में लगी है. हालांकि भाजपाई रणनीतिकारों ने सत्ता विरोधी लहर से पार पाने के लिए न सिर्फ प्रचार की धार को तेज किया बल्कि सरकार से हुई गलतियों के लिए जनता से माफी भी मांगी.



# सीजेआई ने वकील को लगाई फटकार

**नई दिल्ली, 3 अक्टूबर. भारत के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान कोर्ट मास्टर के साथ एक आदेश के विवरण की जांच करने पर एक अधिवक्ता को जमकर फटकार लगाई और कहा कि भले ही मैं थोड़े वक्त के लिए ही सही, पर मैं अभी-भी इस अदालत का प्रभारी हूं.**

भारत के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान कोर्ट मास्टर के साथ एक आदेश के विवरण की जांच करने पर एक अधिवक्ता को जमकर फटकार लगाई. सीजेआई 10 नवंबर को सेवानिवृत्त होंगे. मुख्य न्यायाधीश ने ये टिप्पणी तब की जब एक वकील ने बताया कि उन्होंने कोर्ट मास्टर के साथ मध्यस्थता आदेश के विवरण को क्रॉस-चेक किया था.



### जाति आधार पर कैदियों से न लें काम

उच्चतम न्यायालय ने जाति के आधार पर कैदियों को काम आवंटित करने के नियम को असंवैधानिक करार देते हुए कहा कि देश की किसी भी जेल में किसी भी तरह का जातिगत भेदभाव नहीं किया जा सकता. पीठ ने कहा कि जेल मैनुअल में भेदभाव को बढ़ावा देने वाले सभी मौजूदा प्रावधानों को खत्म किया जाना चाहिए.

### पुलिस कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

उच्चतम न्यायालय ने जाने-माने योग गुरु जग्गी वासुदेव की ओर से कोयंबटूर में संचालित ईशा फाउंडेशन आश्रम के खिलाफ दो महिलाओं को कथित तौर पर बंधक बनाकर रखने के एक मामले में तमिलनाडु पुलिस की कोई भी कार्रवाई करने पर गुरुवार को रोक लगा दी.




Celebrate this festive season with your favorite Kia. Ownership privileges and exchange benefits so inspiring, there's never been a more auspicious time to bring one home! Walk into your nearest dealership to discover all the perks and start your festivities today.

**Exclusive ownership benefits**

| Exchange & Loyalty Benefits* up to ₹60 000 (On Seltos) | Extended Warranty** up to 5 years (On Seltos and Carens) | Additional Benefits^ up to ₹60 000 (On Seltos, Sonet and Carens) |
|---|---|---|

**Hassle-free exchange services**: New car with old EMI#-packaged exchange deal on your new car | Car evaluation at your convenience | Best price for your old car | Hassle-free transfer of ownership | Complete assurance of your car going into the right hands

**Additional benefits for select corporates (consumer, accessory, extended warranty and maintenance package benefits). Kia cars are now available through Canteen Stores Department (CSD) & Kendriya Police Kalyan Bhandar (KPKB).**

For more information, visit our dealership or contact:
1800 108 5000 | 093195 91407 | www.kia.com/in | Book Kia | kiacare@kiaindia.net | Look for "Kia India" @

Terms & condition apply. ~Source : 2024 CEI Survey by FADA in Collaboration with Frost & Sullivan. *Exchange and loyalty benefits is a split of ₹40 000 exchange benefit and loyalty benefit up to ₹20 000 for existing Kia customers. **Limited period offer. Applicable on all trims of Seltos and select trims of Carens. 3 years standard warranty and 2 years extended warranty. ^Additional benefit amount is for highest variant and same may vary from model to model. #Depending on the old car age & quality, old car price to be considered as down payment. Balance will be converted into EMI for full tenure, combined with finance & insurance benefits. The product shown is for representation purposes only. Actual features, colors, and specifications may not be part of standard fitment and may vary. Kia India Pvt. Ltd. reserves the right to make any changes with respect to the trims, colors, specifications, and other details of any model as mentioned or to modify/discontinue any offer/scheme/service without prior notice. These are meant to keep you safe on the roads. Visit your nearest Kia dealership for more details. Kia urges you to follow traffic rules.

**Abhishek Kia**
Chhindwara — Tel: 8817404820, 8226006863
Balaghat — Tel: 8815108979, 8226006863